






# जागृति 2026, अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह

▸ उज्जैन में हुई बैठक में नई कार्यकारिणी को सौंपी गई सत्र 2026-28 की जिम्मेदारी

**उज्जैन।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मध्य प्रदेश द्वारा सत्र 2026-28 के लिए नई प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रथम प्रांतीय बैठक जागृति-2026 का भव्य आयोजन उज्जैन में किया गया। इस गरिमामय समारोह में प्रदेश भर से 225 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी ने नई कार्यकारिणी को पद और संगठन के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाकर प्रदेश की बागडोर सौंपी।

समारोह में मुख्य रूप से उज्जैन शाखा की सलाहकार संतोष सोडाणी को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करवाई गई। उनके साथ संगीता भूतड़ा को प्रदेश सचिव और राजकुमारी महेश्वरी को प्रदेश कोषाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। राष्ट्रीय सचिव बबीता बगड़िया सहित अन्य राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में यह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इसके अलावा कार्यकारिणी में प्रांतीय सह सचिव के रूप में सविता गुप्ता, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष के रूप में पिंकी जैन और विशेष सहयोग के लिए तृप्ती परवाल को मनोनीत किया गया। शाखा अध्यक्ष शीतल मुद्डा, कोषाध्यक्ष कुसुम भूतड़ा, रेखा पारस, सीमा भानुप्रिया, आशा भूतड़ा, ज्योति बेवाल, अनुराधा अगाल, विष्णु भूतड़ा, पुष्पा भाललिका, लाज भूतड़ा, आरती राठी, सुरेखा भंडारी और शोभा अग्रवाल ने नई प्रांतीय कार्यकारिणी का दुपट्टे व माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

शाखा सचिव आरती सोढ़ानी ने बताया कि समारोह की शुरुआत में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में एकता झंवर और आयुषी देवपुरा ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नौ देवियों की शक्ति पर आधारित भावपूर्ण नृत्य नाटिका और लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसमें सीमा पलोड, जूही महेश्वरी, हिमांशी भूतड़ा, आयुषी जैन, श्रद्धा सचेन, याचना तिवारी, निर्मला झंवर, वर्षा राठी, एकता आगाल और रीता बसेर ने भाग लेकर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए संगठन की ओर से बाल विकास प्रकल्प के तहत स्कूली बच्चों को मेडिकल किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में राधा चौहान, उषा झालानी, प्रिया घरीया, रानी गुप्ता, सुमन पलोड, उषा पवार, अनीता चांडक, उषा झंवर, नीना जैन, विधि राठी, सुनीता पलोड, संगीता खंडेलवाल, सुदेश जैन, इंदिरा रावत और किरण खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित थीं।

# मॉस्को में गूंजी उज्जैन के अरुण कुशवाह के तबले की थाप

▸ इंडिया द फैब्रिक ऑफ टाइम एग्जिबिशन के समापन पर सितार के साथ प्रस्तुत किया नाद-संवाद

विदेशी राजनयिकों ने की उज्जैन के कलाकार की प्रशंसा, मॉस्को में दे रहे तबला वादन का प्रशिक्षण

**उज्जैन। रूस की राजधानी मॉस्को स्थित त्सारित्सिनो पैलेस के ऐतिहासिक ग्रैंड रॉयल कैथरीन हॉल में उज्जैन के प्रतिष्ठित तबला वादक अरुण कुशवाह ने अपनी शानदार प्रस्तुति से शहर का मान बढ़ाया है। उन्होंने सितार वादक तरुण धामी के साथ नाद-संवाद की मनमोहक प्रस्तुति दी।**

यह कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू कल्चरल सेंटर, भारतीय दूतावास और त्सारित्सिनो म्यूजियम-रिजर्व के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंडिया द फैब्रिक ऑफ टाइम एग्जिबिशन के समापन समारोह के अवसर पर हुआ।

कार्यक्रम स्थल त्सारित्सिनो पैलेस रूस की एक प्रमुख पुरातत्व और सांस्कृतिक धरोहर है। इसकी स्थापना वर्ष 1755 में महारानी कैथरीन द्वारा की गई थी। इस भव्य समारोह में अनेक वीआईपी डेलीगेट्स और राजनयिक श्रोता के रूप में मौजूद थे, जिन्होंने अरुण कुशवाह के वादन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनका विशेष उत्साहवर्धन किया।

अरुण कुशवाह वर्तमान में आईसीसीआर के जवाहरलाल नेहरू कल्चरल सेंटर और मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में तबला शिक्षक एवं कलाकार के रूप में कार्यरत हैं। वे सितंबर 2025 से वहां विदेशी छात्र-छात्राओं को तबला वादन का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। भारतीय सांस्कृतिक दूत के रूप में अरुण निरंतर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर देश और उज्जैन का परचम लहरा रहे हैं।

## एक नजर में

### एडीजे कपिल भारद्वाज के विदाई समारोह में समाजसेवियों ने किया सम्मान

**उज्जैन।** जिला विधिक सहायता के पूर्व सचिव और एडीजे कपिल भारद्वाज के स्थानांतरण पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया। संस्था के संरक्षक सैयद अबीद अली मीर और सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनकी सेवाओं को याद किया। समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षाविद सादिक मंसूरी ने कहा कि विधिक सेवा सचिव के रूप में एडीजे भारद्वाज का कार्यकाल सामाजिक कार्यों को प्रगति देने में अग्रणी रहा। उन्होंने अपने पद पर रहते हुए अनेक जटिल विवादों का बेहतरीन तरीके से निराकरण किया और न्याय के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया। विधिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी उनकी हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन और समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने एडीजे भारद्वाज को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका इस्तकबाल किया। सभी उपस्थितजनों ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की जानकारी संस्था के प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

### बड़ी दीक्षा का भव्य आयोजन

**खाचरौद।** सांसारिक सुखों का त्यागकर तथा अपनी धन सम्पति को धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित कर सजोड़े जैन भगवति दीक्षा अंगीकार करने वाले पूज्य निर्वेदमुनि तथा साध्वी संवेग की बड़ी दीक्षा का भव्यआयोजन आचार्य पूज्य उमेश मुनि के शिष्य तथा प्रवर्तक पूज्य जिनेंद्रमु के आज्ञानुवर्ति तत्वज्ञ धर्मेन्द्रमुनि तथा सन्तमण्डल तथा संयम रूचिका संयमप्रभा, प्रशमप्रभा तथा साध्वी मंडल की शुभा निश्रा में स्थानिय महावीर भवन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर धर्मेन्द्र मुनि ने दोनों सन्त-सती को दीक्षा पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर सन्त सती मण्डल द्वारा दीक्षा ग्रहण करने वाले दोनों सन्त सती के संयम जीवन की सफलता की मंगल कामना करते हुए अपने उद्बोधन में संयम जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मोक्ष प्राप्ति का म बताया। श्रीस्थानकवासी जैन श्रावकसंघ सचिव महेन्द्र चण्डालिया ने बताया कि इस पावन अवसर पर सकल जैन समाज के साथ ही देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूज्य निर्वेद मुनि तथा साध्वी संवेगजी के परिवार जनों का सम्मान कर अभिनन्दन पत्र भेंट किया गया तथा श्रीस्थानक जैन संघ अध्यक्ष मनोहरलाल भटेवरा को समाज रत्न के रूप में सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र संघ संरक्षक चन्द्रप्रकाश चण्डालिया, सन्तोष बरखेड़ावाला तथा चन्द्रप्रकाश चोरड़िया सहित समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भेंट किया गया। श्री मूर्तिपूजक जैनश्रीसंघ की ओर से अध्यक्ष माणकलाल नादेचा, सचिव अनिल वागरेचा तथा अन्य वरिष्ठ समाजजनों ने भी भटेवरा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में सन्त सतीमण्डल को सेवा देने वाले महानुभावों को भी शाल व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### इनफिनिक्स ने नोट 60 प्रो 5जी पेश किया

इंदौर. एक न्यू-एज स्मार्टफोन ब्रांड, इनफिनिक्स ने आज इनफिनिक्स नोट 60 प्रो लॉन्च करने की घोषणा की. यह एक डिज़ाइन-आधारित स्मार्टफोन है जिसे उन यूज़र्स के लिए बनाया गया है जो बेहतरीन क्राफ्ट्समैनशिप, एक्सप्रेसिव इंटरेक्शन और निरंतर परफॉर्मेंस को महत्व देते हैं. 28,999 रुपये की शुरुआती कीमत वाला यह डिवाइस, 360ए एयरोस्पेस ग्रेड एल्युमीनियम फ्रेम डिज़ाइन के साथ अपना पहला एक्टिव मैट्रिक्स डिस्प्ले और स्नैपड्रैगन 7एस जेन 4 परफॉर्मेंस पेश करता है, जो एक ऐसा प्रीमियम अनुभव प्रदान करता है जो शानदार और शक्तिशाली दोनों है. लॉन्च पर इनफिनिक्स इंडिया के हेड ऑफ मार्केटिंग, मिराज गुप्ता ने कहा आज हम नोट सीरीज़ को कैसे बनाते हैं, इसके केंद्र में भारत है। नोट 60 प्रो के साथ, हम अपना पहला स्नैपड्रैगन-संचालित नोट पेश कर रहे हैं, जिसे 120एफपीएस तक की गेमिंग देने के लिए क्वालकॉम के साथ सह-इंजीनियर किया गया है. इसके साथ ही, भारतीय यूज़र्स के लिए तैयार किया गया हमारा सिग्नेचर एक्टिव मैट्रिक्स डिस्प्ले, इमर्सिव जेबीएल ऑडियो और एक सिनेमैटिक व्यूइंग एक्सपीरियंस है जिसे इस बात पर गहराई से ध्यान केंद्रित करते हुए बनाया गया है कि वास्तव में क्या मायने रखता है, उन यूज़र्स के लिए जो सिर्फ परफॉर्मेंस नहीं चाहते, बल्कि भीड़ से अलग दिखना चाहते हैं.

### शाओमी ने रेडमी ए7 प्रो 5जी लॉन्च किया

इंदौर. शाओमी इंडिया ने आज रेडमी ए7 प्रो 5जी के लॉन्च की घोषणा की. यह रेडमी ए सीरीज़ का पहला प्रो मॉडल है. रोज़ाना इस्तेमाल करने वाले यूज़र्स की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया रेडमी ए7 प्रो 5जी, सेगमेंट के सबसे बेहतरीन हार्डवेयर और आसान सॉफ्टवेयर सुधारों को एक साथ लाता है. यह एक किफ़ायती कीमत पर भरोसेमंद और मज़ेदार स्मार्टफोन अनुभव देता है. सेगमेंट के सबसे बड़े 17.53सीएम (6.9-इंच) डिस्प्ले और 120 हर्ट्ज़ के स्मूथ रिफ्रेश रेट के साथ, रेडमी ए7 प्रो 5जी रोज़ाना के कामों—जैसे ब्राउज़िंग, सोशल मीडिया और वीडियो स्ट्रीमिंग—के दौरान देखने का एक शानदार अनुभव देता है. 800 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस के साथ, यह डिस्प्ले बाहर की तेज़ रोशनी में भी साफ़ दिखाई देता है. रेडमी ए7 प्रो 5जी में सेगमेंट की सबसे बड़ी 6300 एमएएच की बैटरी भी दी गई है. इसे मज़बूती के लिए इंजीनियर किया गया है और इसे बार-बार चार्ज किए बिना लंबे समय तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है. रेडमी ए7 प्रो 5जी में एक दमदार ऑक्टा-कोर 5जी प्रोसेसर लगा है, जो रोज़मर्रा के कामों में तेज़ और रिस्पॉन्सिव परफ़ॉर्मेंस देता है।

# 108 सामूहिक जोड़ों ने किया सुंदरकांड पाठ

**उज्जैन। बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें 108 सामूहिक जोड़ों ने एक साथ बैठकर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया।**

पंचायती अखाड़ा निरंजनी के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज के सानिध्य में अर्जी वाले हनुमान जी की असीम कृपा से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस धार्मिक अवसर पर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई जिस पर उपस्थित भक्तगण भक्ति भाव में डूबकर झूम उठे। यह धार्मिक आयोजन ऋषिका आयुष अग्रावत ने अपने पिताश्री मदन मोहन अग्रावत के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया था। इस दौरान मंदिर समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी, सावित्री महंत, दारा सिंह, शिवानी पाटीदार, पूजा यादव, सीमा जाट, योगेश जोशी, प्राणेश शुक्ला, टीना झाला, पंकज जायसवाल, रोहित पंडित, नीलेश पांचाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों ने लगाया सेवा शिविर, पंचक्रोशी यात्रियों को बांटे फल और शीतल जल

**उज्जैन। पंचक्रोशी यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं की सेवा के लिए उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा बुधवार 15 अप्रैल को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। आगर रोड स्थित आलोक स्कूल के पास प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने यात्रियों को फल, बिस्किट और शीतल जल का वितरण किया।**




संगठन द्वारा श्रद्धालुओं को शिविर में ससम्मान बिठाकर शीतल जल पिलाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए यात्रियों को साइबर अपराधों से बचाव की सावधानियों और यातायात नियमों का पालन करने की महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। सेवा शिविर में भक्तिमय माहौल भी देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने पूर्व सैनिकों के साथ कीर्तन किया और भजनों पर खूब झूमे।

संगठन के मीडिया प्रभारी प्रशांत निगम ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष सूबेदार कमल किशोर सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मोयल और कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तोमर उपस्थित रहे। साथ ही कोर समिति के वरिष्ठ सदस्य कर्नल प्रदीप सिंह, प्रकाश गोडबोले, मुकेश चंद्र सोनी, रामबरन सिंह भदोरिया, दिलीप सिंह ठाकुर, विजयपाल सिंह पवार, जितेंद्र दास वैष्णव, राहुल रावल, जयंत गिरी, अजय पाटीदार, हरीश सिंह सिसोदिया और गुड्डू लाल पटेल ने व्यवस्थाएं संभालीं।

इस पुनीत कार्य में संगठन की मातृशक्ति ममता सोनी, नीतू मोयल, सुनीता निगम, आशा वैष्णव, सोना सिसोदिया, रजनी सैंगर, बबीता राघव एवं बालवीर विराट रावल भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महिदपुर में छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी

**महिदपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 के लिये घोषित कक्षा 10वीं का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परीणाम 99 प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वी की परीक्षा में सम्मिलित समस्त 82 छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुए। जिसमें से 71 प्रथम श्रेणी तथा 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।**



इसी प्रकार विद्यालय में प्रथम स्थान नव्या 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रतिष्ठा 93.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान निदा रंगरेज 92.4 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। इसी प्रकार कक्षा 12वी में सम्मिलित समस्त 78 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। जिनका प्रतिशत 99 रहा है। जिसमें प्रथम स्थान सुमन जोशी 89.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्रघुमन्न यादव 87.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से कमल सूर्यवंशी ओर मुजीबुर्रेहमान 85.8 प्रतिशत का रहा है। जिला कलेक्टर रोशनसिंह एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्रेयांश कुमट और एसडीएम राजस्व माहिदपुर अजय हिंगे व संतुष्टिपाल तहसीलदार ने शासकीय मॉडल स्कूल महिदपुर का भ्रमण कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी गई। साथ ही स्कूल भ्रमण के दोरान जिला कलेक्टर रोशनसिंह ने शाला की कृषि एवं स्वास्थ केयर प्रयोगशाला का लोकार्पण किया है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में विशिष्ट प्रदर्शन करने पर स्कूल प्राचार्या रामेश्वर सोनी, प्रेमचंद्र परमार, दिलीप अटोलिया, श्रावण परमार, साधना डोमोर, आनंद पंचोली, नीलम पाण्ड्या, गायत्री यादव, लक्ष्मी मालवीय, गोकुल घुंघरवाल, राजेश परमार, नगमा बी, अंकिता सोनी, अभिलाषा जोशी, आशी सूर्यवंशी, शालू पाठक; सुदर्शन शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुये उत्कृष्ट नंबरों से उत्तीर्ण छाओं को विशेष बधाई दी तथा कम नंबरों से उत्तीर्ण छात्रों को आगामी परीक्षा में अधिक मेहनत कर उत्कृष्ट अंक से परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु प्रेरित करतें हुवें समस्त उत्तीर्ण छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी है।



# हर्षोल्लास के साथ मनाई बाबा साहेब और फुले की जयंती

**महिदपुर।** बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में राजेंद्र मार्ग स्थित विश्वरत्न डॉ. बी आर अंबेडकर की प्रतिमा स्थल से रथ और ध्वनि विस्तारक के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल वाहन रैली निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में संविधान प्रेमियों ने शामिल होकर बाबा साहब के जयकारे लगाए। रथ में विराजित बाबा साहब और फूले जी का छाया चित्र और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें आचार्य बलराम दावरे का स्वागत सम्मान हुआ।

इसी अनुक्रम में माली समाज और गुजराती बलाई युवा संघ द्वारा मंच बनाकर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात वाहन रैली नारायणा रोड स्थित डॉ. बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन पहुंची। जहां एक विशाल आमसभा का आयोजन हुआ जिसे अतिथियों ने संबोधित किया। विधायक दिनेश जैन बोस और बहादुरसिंह चैहान के मुख्य आतिथ्य और आचार्य बलराम दावरे ने अध्यक्षता और समिति अध्यक्ष दिनेश चौहान ने सह अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रुप में पार्षद अनिल आंचलिया, पार्षद कैलाश बगाना, पार्षद जगदीश राठौर, पार्षद सोनू परमार, समाज सेवी बाबूलाल थावलिया, अजाक्स कार्यकारी जिला अध्यक्ष दयाराम गेहलोद, तहसील अध्यक्ष बीएल परमार, रामचन्द्र एडवोकेट, भीम आर्मी के दुलेसिह सूर्यवंशी उपस्थित थे। संचालन जेके मालवीय और भैरुलाल चौहान ने किया। आभार समिति के उपाध्यक्ष विक्रम सिंह सोलंकी ने माना। जानकारी सुरेश दामेचा ने दी।

## एक नजर ▸ उपयंत्री दो दिनों तक रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

# वेतन न मिलने से आक्रोशित मनरेगा अधिकारी

**उज्जैन। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिला और जनपद पंचायतों में कार्यरत संविदा अधिकारी, कर्मचारी और उपयंत्रियों ने लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर जिले के समस्त मनरेगा तकनीकी अमले और कर्मचारियों ने 16 अप्रैल से 17 अप्रैल तक दो दिवसीय सामूहिक अवकाश पर जाने का ज्ञापन सौंपा है।**



आठ माह से उपयंत्रियों का पारिश्रमिक लंबित, आर्थिक संकट गहराया

मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश की ओर से जिला पंचायत उज्जैन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के अनुसार जनपद पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गत पदस्थ उपयंत्रियों को विगत 8 माह से मासिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है। वेतन न मिलने के कारण सभी उपयंत्रियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार के दैनिक जीवन यापन, बच्चों की स्कूल फीस और स्वास्थ्य उपचार जैसे आवश्यक व्ययों की पूर्ति करने में उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक अस्थिरता के कारण मानसिक तनाव भी निर्मित हो रहा है जिससे कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है। उपयंत्रियों ने बताया कि वेतन न मिलने के बावजूद उन्होंने जलगंगा संवर्धन योजना में जिले को प्रदेश में उच्चतम स्थानों पर रखने के लिए निरंतर प्रयास किए और

एक बगिया मां के नाम जैसी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना में भी सतत कार्य किया है। ज्ञापन सौंपने वाले जिले के क्षेत्रीय समन्वयक और प्रमुख उपयंत्रियों में इंजी. गजेन्द्र कुमार कठाने, इंजी. शेख सिद्दीक कुरैशी, इंजी. सुमित प्रताप सिंह, इंजी. अनिल पांडे, इंजी. विनय जायसवाल, इंजी. कुंदन मुकाती और इंजी. आरडी किरार शामिल हैं। प्रांतीय स्तर पर इस संघ का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष इंजी. सतीश समेले, उपाध्यक्ष इंजी. राघवेन्द्र शर्मा और सचिव इंजी. अनुराग राजपुत कर रहे हैं।

### ▸ अधिकारी-कर्मचारी संघ का चार माह का वेतन बकाया, दी आंदोलन की चेतावनी

इसी क्रम में रोजगार गारंटी अधिकारी एवं कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश ने भी मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नाम जिला पंचायत कार्यालय में ज्ञापन प्रस्तुत किया है। संघ के अनुसार मनरेगा के तहत कार्यरत संविदा अधिकारी और कर्मचारियों का माह दिसम्बर 2025 तथा जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 का वेतन पूर्णतः लंबित है। वर्तमान में पांचवा माह अप्रैल भी बिना वेतन के कार्य करते हुए बीत रहा है। संघ ने 15 अप्रैल 2026 को दिए गए इस ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि वेतन भुगतान में हो रहे विलंब के कारण कर्मचारियों को पारिवारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पूर्व 20 फरवरी 2026 को भी संघ द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसका आज दिनांक तक कोई उचित निराकरण नहीं किया गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि वेतन भुगतान संबंधी समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं होता है, तो आगामी समय में संगठन को बड़े आंदोलन की ओर बाध्य होना पड़ेगा।